समाचार

# '' एक पेड़ मॉ के नाम ''

## दादर रोड जलविहार तक किया गया वृक्षारोपण



कोरबा 24 अगस्त 2026 – '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान अंतर्गत आज कोरबा के पं. रविशंकर नगर जोनांतर्गत दादर रोड जलविहार तक वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता देते हुये पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को गति दी।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प के साथ विगत 18 जुलाई से '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज कोरबा के पं. रविशंकर नगर जोनांतर्गत दादर रोड जलविहार तक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पार्षद अब्दुल रहमान, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, गीता यादव, फिरितराम यादव, संतोष यादव, मनमोहन, गोपी, कार्तिक राम, पूरन, धन्नु गुप्ता सहित अन्य नागरिकगणों ने पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण के संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।